Pawan Kumar Sharma ● हिन्दुस्तान,लखनऊ
Mon, 22 May 2023 09:39 PM

हमें फॉलो करें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि यूपी और दक्षिण कोरिया के पुराने आत्मिक रिश्ते फिर से प्रगाण हो रहे हैं। दोनों देशों के स्वतंत्रता दिवस की तिथियां एक हैं। आज भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। दोनों देशों के रिश्ते शताब्दियों पुराने हैं। बता दें यूपी सरकार और कोरिया गणराज्य के ग्योंगसांगबुक-डो प्रांत के बीच सोमवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के तहत दोनों प्रांतों में प्रगति एवं विकास के लिए शैक्षिक,आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो हजार साल पहले अयोध्या की राजकुमारी श्रीरत्ना ने जल मार्ग से दक्षिण कोरिया की यात्रा की थी। उन्होंने जिमगवांन के राजा सुरो से विवाह किया था, जिसके बाद उन्हें हियो हवांग ओक के नाम से जाना गया। जिमगवांन साम्राज्य का प्रतीक जुड़वा मछली है, जो अयोध्या सहित उत्तर प्रदेश के अवध क्षेत्र में कई ऐतिहासिक स्मारकों में पाया जाता है। उन्होंने कहा कि 6 नवम्बर 2018 को दक्षिण कोरिया की प्रथम महिला किम जुंग सूक के साथ उन्होंने  अयोध्या में क्वीन हो मेमोरियल पार्क का शिलान्यास किया था। इसका निर्माण पूरा हो चुका है। अयोध्या और कोरिया का गिम्हे शहर सिस्टर सिटी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया की नामी इलेक्ट्रॉनिक कंपनी सैमसंग और एलजी जैसे बड़े उद्योग का जन्म दक्षिण कोरिया के जीबी प्रॉविंस में माना जाता है। प्रदेश 250 मिलियन की जनसंख्या के साथ सबसे बड़ा उपभोक्ता का केंद्र है। कोरिया गणराज्य (दक्षिण कोरिया) के ग्योंगसांगबुक-डो प्रांत के राज्यपाल ली चेओलवू के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए उत्तर प्रदेश पहुंचा है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एमओयू हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार की ओर से अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, मनोज कुमार सिंह तथा ग्योंगसांगबुक-डो प्रांत के महानिदेशक, ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक एंड इंडस्ट्रियल अफेयर, ली यंगसेओक द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री ने इस सहभागिता के महत्व और दोनों क्षेत्रों के बीच विकास और सहयोग के नए द्वार खोलने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज हस्ताक्षरित एमओयू दक्षिण कोरिया के ग्योंगसांगबुक-डो प्रांत तथा उत्तर प्रदेश के बीच द्विपक्षीय सहयोग में वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गसांगबुक-डो प्रांत के राज्यपाल ली चेओलवू ने स्वागत व आथित्य के लिए उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया तथा ग्योंगसांगबुक-डो और उत्तर प्रदेश के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में दक्षिण कोरियाई मेहमानों के सम्मान में मुख्यमंत्री ने रात्रिभोज का आयोजन किया।